प्रेस नोट

दिनांक 31.10.2024

थाना मौदहा पुलिस द्वारा हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.10.2024 को थाना मौदहा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 445/2024 धारा 103(1)/109/351(3)/3(5) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विनोद सिंह पुत्र जगरुप सिंह निवासी ग्राम बिहरका थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 28.10.2024 को थाना मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बिहरका में विक्रम सिंह पुत्र रामशरण सिंह (उम्र करीब 45 वर्ष) निवासी ग्राम बिहरका जनपद हमीरपुर को गोली मारकर हत्या किये जाने सम्बन्धित घटना घटित हुई थी। पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाना मौदहा पुलिस द्वारा दिनांक 29.10.2024 को हत्या की घटना मुख्य आरोपी लवकुश पुत्र कुंवर बहादुर निवासी ग्राम बिहरका थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार हमीरपुर भेजा गया था।

उक्त घटना में सम्मिलित अन्य आरोपी विनोद सिंह पुत्र जगरुप सिंह जो वांछित चल रहा था। थाना मौदहा पुलिस द्वारा वांछित चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त विनोद सिंह पुत्र जगरुप सिंह निवासी ग्राम बिहरका थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को बी0एस0एन0एल0 टॉवर के पास वहद कस्बा मौदहा हमीरपुर से गिरफ्तार किया गया।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

विनोद सिंह पुत्र जगरुप सिंह निवासी ग्राम बिहरका थाना मौदहा जनपद हमीरपुर (उम्र करीब 62 वर्ष)

अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0 100/2016 धारा 323/504/506 आई0पी0सी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर।

2.मु0अ0सं0 445/2024 धारा 103(1)/109/351(3)/3(5) बी0एन0एस0 थाना मौदहा जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0 निरी0 रामआसरे सरोज, थाना मौदहा

2.का0 विनोद कुमार, थाना मौदहा

3.का0 रंजीत कुमार, थाना मौदहा